आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :411 पृष्ठ –4 दिनांक 24 फरवरी 2025 दिन सोमवार

# महाकुंभ में बना महारिकॉर्ड, 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई पवित्र डुबकी

## यह आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ और 26 फरवरी को संपन्न होगा

उत्तरप्रदेश प्रयागराज :दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है. अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं, जिससे यह आयोजन विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन गया है. अनुमान है कि 26 फरवरी को महा. शिवरात्रि के स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ के पार जा सकती है.भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर माने जाने वाले महाकुंभ का आयोजन हर 12 वर्षों में होता है. इस बार यह आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ हुआ और 26 फरवरी को संपन्न होगा. महाकुंभ के तहत अब तक मकर संक्रांति, पौष पूर्णिमा, बसंत पंचमी, मौनी अमावस्या और माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाई है.दुनिया भर से पहुंचे श्रद्धालु और राजनयिक महाकुंभ में केवल भारत ही नहीं, बल्कि 73 देशों से आए राजनयिक और श्रद्धालु भी हिस्सा ले रहे हैं. भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत कई देशों के प्रतिनिधियों ने संगम स्नान कर इस पावन आयोजन का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त किया. नेपाल से 50



लाख से अधिक श्रद्धालु मां जानकी के मायके से आए और संगम में पुण्य स्नान किया.महाकुंभ को भव्य और ऐतिहासिक बनाने में उत्तर प्रदेश सरकार की व्यवस्थाओं की अहम भूमिका रही. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 45 करोड़ से अधिक होगी, लेकिन यह आंकड़ा उनकी उम्मीदों से कहीं आगे बढ़ चुका है. 11 फरवरी तक यह संख्या 45 करोड़ को पार कर गई थी और अब 60 करोड़ के भी ऊपर पहुंच चुकी है.स्नान पर्वों पर उमड़ी भक्तों की भीड़महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर सबसे अधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई. इसके अलावा मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़, बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ और माघी पूर्णिमा पर 2 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया. महाकुंभरू आस्था, एकता और संस्कृति का संगम महाकुंभ न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, एकता और सहिष्णुता का प्रतीक भी है. यह आयोजन यह भी दर्शाता है कि कैसे सनातन धर्म पूरी दुनिया में श्रद्धा और आस्था का केंद्र बना हुआ है. विश्वभर से आए श्रद्धालुओं ने महाकुंभ को एक ऐतिहा. सिक क्षण बना दिया है.

## फिरोजाबाद में 1 करोड़ की लागत से बनेगा मॉडल सोलर गांव, सीडीओ ने रखा प्रस्ताव



फिरोजाबाद जनपद में मॉडल सोलर गांव बनाने की कवायद शुरू हो गई है. विकास भवन में हुई बैठक में सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने सोलर मॉडल गांव बनाने के लिए प्रस्ताव रखा. सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य ग्रहण के अंतर्गत जनपद में एक मॉडल सोलर गांव बनाया जाएगा. इसके लिए एक जिला स्तरीय कमेटी गठित की जाएगी, जो घर–घर जाकर ग्रामीणों से और ग्राम पंचायत सदस्यों से पीएम सूर्य योजना एवं अन्य सूर्य योजनाओं के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा. मॉडल सोलर गांव बनाने के लिए एक करोड़ की वित्तीय सहायता ग्राम पंचायत को प्रदान की जाएगी. इस सोलर प्लांट के जरिए उत्पादित होने वाली विद्युत ऊर्जा को सार्वजनिक उपयोग में लाया जाएगा. दरसल भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए यह प्रकल्प चलाया जा रहा है.योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत विद्युत आत्मनिर्भरता इस योजना के अंतर्गत ग्राम सभाओं को 100: विद्युत आत्मनिर्भर बन ाने के लिए सौर संयंत्र की स्थापना का प्रावधान है. इसके अंतर्गत जनपद में सोलर मॉडल गांव बनाने के बाद अन्य ग्राम पंचायत में भी यह व्यवस्था लागू की जाएगी. सोलर मॉडल गांव बनाने के लिए वित्तीय सहायता सरकारी समितियां एवं श्रम सहायता समूह कोऑपरेटिव सोसायटी तथा डेयरी मत्स्य पालन आदि के लिए 10: धनराशि लाभार्थी संस्था से लिया जाएगा. मुख्य विकास अधिकारी के मुताबिक सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत उत्पादन शुरू करने की योजना भारत सरकार द्वारा संच. ालित की जा रही है. इसके तहत ग्रामीण इलाकों को सौर ऊर्जा के माध्यम से रोशन करने की तैयारी शुरू हो गई है. एक सोलर मॉडल गांव बनाया जाएगा. इस गांव का 100: विद्युत उपभोग सौर ऊर्जा संयंत्र से किया जाएगा. भविष्य में इसी प्रकार प्रत्येक ग्राम पंचायत में सौर क्रांति लाई जाएगी.

## पारा के बुद्धेश्वर इलाके में कक्षा–9 के छात्र फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

लखनऊ रू पारा के बुद्धेश्वर इलाके में कक्षा–9 के छात्र फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि टीवी देखने पर पापा ने फोन पर डांटा था। इसके बाद से वह नाराज था। हसनगंज इलाके में युवक ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।बुद्धेश्वर निवासी महेंद्र पाल सिंह उन्नाव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। बेटा सुश्रुत पार्थ (16) भपटामऊ स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में कक्षा–9 का छात्र था। मामा महेश पाल सिंह ने बताया कि जीजा महेंद्र शुक्रवार को ड्यूटी पर गए थे। शुक्रवार दोपहर उन्होंने घर पर फोन किया तो सुश्रुत टीवी देख रहा था। इसपर उन्होंने उसे डांटा और टीवी बंद कर पढ़ाई करने के लिए कहा। डांट से क्षुब्ध सुश्रुत किसी से कुछ बोले बिना अपने कमरे में चला गया।कुछ देर बाद मां उसे देखने कमरे में गई तो वह वहां नहीं था। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। दूसरे मंजिल पर जाने के लिए वह जीने पर गई तो दरवाजा दूसरी तरफ से बंद था। इसके बाद वह पड़ोसी की छत से उतरकर तीसरे माले पर बने कमरे में गई तो सुश्रुत पंखे के कुंडे से दुपट्टा के फंदे से लटका हुआ था। चीख सुनकर आसपड़ोस के लोग दौड़े। आनन–फानन में उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने सुश्रुत को मृत घोषित कर दिया। परिवार में एक छोटी बहन है।वहीं, हसनगंज के डालीगंज स्थित अतुल चौराहे के पास रहने वाले आशीष सक्सेना (21) ने शनिवार सुबह कमरे में फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोहे का गेट तोड़ा। आनन–फानन में फंदे से आशीष को उतारकर ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

## उत्तराखंड में BJP और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ी, राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी कर रही दावेदारी



उत्तराखंड की राजनीति में एक बड़ा बदलाव आया है. जनाधिकार मोर्चा, जो अब तक एक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन के रूप में कार्यरत रहा है. खुद को राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी के रूप में परिवर्तित करने का फैसला किया है. इस नई पार्टी ने विधानसभा और पंचायत चुनावों में उतरने का ऐलान कर बीजेपी और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं.राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने प्रेस वार्ता में कहा, ष्हमने यह कदम भारत के हर नागरिक को न्याय, विकास और पारदर्शिता देने के लिए उठाया है. देश की मुख्यधारा की राजनीति में आम नागरिकों की आवाज को बुलंद करने के लिए राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी पूरी ताकत से विधानसभा चुनावों में उतरेगी और एक नया विकल्प प्रदान करेगी.राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी का उद्देश्य जनता को एक मजबूत राजनीतिक मंच देना है. आजाद अली ने कहा, ष्बीजेपी और कांग्रेस ने वर्षों से जनता को सिर्फ वोट बैंक समझा है, लेकिन अब हालात बदलेंगे. हमारी पार्टी हर विधानसभा सीट पर जनता के असली मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ेगी और ईमानदार उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी. हमारी प्राथमिकता युवाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाना है.राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी ने उत्तराखंड में संगठन विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ललित श्रीवास्तव को सौंपी है. इसके अलावा, एडवोकेट प्रियंका रावत, मोहब्बेवाला से पूर्व पार्षद प्रत्याशी उस्मान, हरिद्वार लक्सर से कौशल देवी, डोईवाला से मोमिना, हरिद्वार ग्रामीण से आकाश पंवार व अंकित कुमार, प्रेम नगर से विक्की चौहान को पार्टी का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है.राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी न केवल विधानसभा बल्कि पंचायत चुनावों में भी मजबूती से भाग लेगी. पार्टी का मानना है कि ग्रामीण स्तर पर मजबूत नेतृत्व ही प्रदेश के विकास की दिशा तय करेगा. आजाद अली ने कहा, ष्हमारी पार्टी पंचायत चुनावों में योग्य और ईमानदार उम्मीदवारों को उतारेगी, ताकि जमीनी स्तर से ही पारदर्शी शासन की शुरुआत हो.राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी का गठन उत्तराखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव ला सकता है. यह पार्टी उन लोगों को एक मंच देगी जो अब तक मुख्यधारा की राजनीति से बाहर रहे हैं. प्रदेश की जनता अब बीजेपी और कांग्रेस के अलावा तीसरे विकल्प की ओर देख रही है. राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी के इस कदम से राज्य में राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं. राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने जनता से अपील करते हुए कहा, ष्यह परिवर्तन केवल एक पार्टी का गठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन की शुरुआत है. हम हर नागरिक को न्याय, विकास और पारदर्शिता का वादा करते हैं. हमारी पार्टी का उद्देश्य किसी विशेष वर्ग या समुदाय की राजनीति करना नहीं, बल्कि सभी के हितों की रक्षा करना है. मैं उत्तराखंड की जनता से अपील करता हूँ कि वे इस बदलाव का हिस्सा बनें और हमें अपना समर्थन दें.राष्ट्रीय जनाधिकार पार्टी का यह गठन भारतीय राजनीति में एक नई दिशा देने की क्षमता रखता है. यह पार्टी जनता को एक ऐसा मंच प्रदान करेगी, जहाँ वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हो सकें. विधानसभा और पंचायत चुनावों में पार्टी की भागीदारी से राज्य की राजनीति में नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का संचार होगा

## तंत्र–मंत्र या पागलपन! 10 कुत्तों को मारकर दफनाया . कब्र पर रखे मिले फूल–बिस्किट और अगरबत्ती

कानपुर शहर के एक मोहल्ले में अचानक से आवारा कुत्तों का एक बड़ा समूह गायब हो गया. जो कुत्ते मोहल्लों में अपनी चहलकर्मी ओर भौंकने की आवाज से सबको हैरान करे रहते थे वहां सन्नाटा छा गया. अचानक से गायब हुए दर्जनों कुत्तों ने स्थानीय लोगों को हैरान कर दिया और उसे भी ज्यादा हैरानी तब हुई जब एक सन्नाटे वाले जगह पर दस कुत्तों के शव जमीन में दफ्न मिले. मानो किसी ने मारकर उनकी समाधि बना दी हो और समाधि पर चढ़े हुए फूल, माला, अगरबत्ती गिलास में भरा हुआ पानी और पास में रखे हुए बिस्किट. कुछ अलग से संकेत देने लगे हैं और क्षेत्रीय लोग इकट्ठा हुए और इस अजीब तस्वीर को देखकर सहम गए. अचानक से इतने कुत्तों के शव जमीन में दफ्न होने और उनपर पूजा सामग्री का मिलना इसे तंत्र विद्या से जोड़ रहा है.कानपुर के किदवई नगर क्षेत्र में एक साथ दस बेजुबान कुत्तों के शव को एक पंपिंग स्टेशन में बने हनुमान मंदिर के पास जमीन में गाड़ दिया गया. साइट नंबर वन पंपिंग स्टेशन के पास बनी पार्क में एक कमरा बना हुआ था. जोकि लंबे समय से वीरान था और हालांकि स्थानीय लोगों का वहां आना जाना लगा रहता था. लोगों ने बताया कि यहां कई कुत्ते और उनके बच्चे अक्सर रहा करते थे. जोकि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की श्रेणी में शामिल थे लेकिन अचानक से सभी कुत्ते एक साथ गायब हो गए किसी की कोई आवाज भी सुनाई देना बंद हो गई.जब स्थानीय लोगों को शक होने पर इन कुत्तों की खोजबीन की गई तो पता चला कि कुत्तों की हत्या कर उन्हें दफना दिया गया है. हालांकि लोग तब इस यह तक पहुंचे जब उस पार्क में सन्नाटे की जगह पर पार्क में बने कमरे के पीछे कब्रें बनी ही थी और उस पर फूल माला, बिस्किट, अगरबत्ती और पानी गिलास में भरा हुआ देख सब हैरान रह गए. जिसे खोदने पर पता चला कि इस जमीन में कुत्ते जख्मी हालत में मृत अवस्था में गड़े हुए हैं. जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तंत्रमंत्र की शंका के आधार पर पुलिस को सूचना दी और पुलिस इस मामले में जांच में जुट गई है.क्षेत्रीय लोगों की मानें तो इस तरह कुत्तों की हत्या और उनके जमीन में दफन होने और उन पर पड़े फूल माला और अगरबत्ती को देख लोगों ने इसे तंत्र विषय का हिस्सा मान रहे हैं. उनका कहना है कि कोई इन कुत्तों की बलि देकर तंत्र विद्या का काम कर रहा है लेकिन इस तरह से बेजुबान कुत्तों की मौत के बाद लोग डरे हुए हैं. अब उन्हें लग रहा है कि कोई सनकी शख्स ऐसी घटना कर रहा है. अब उन्हें इस बात का डर है कि क्षेत्र में सभी के घर में छोटे बच्चे भी हैं. अगर कोई तंत्र मंत्र कर रहा है तो कहीं वो शख्स बच्चों को अपना निशाना न बना ले. इस मामले में एडीसीपी महेश कुमार ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जांच की जा रही है. लोग बता रहे हैं कि अचानक से कुत्तों की इस तरह हुई घटना से कुछ और आशंका जताई जा रही है. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी इसकी पड़ताल की जाएगी. फिलहाल मामला कोई भी हो लेकिन इस तरह की घटना कई संदेह पैदा कर रही है.

## माफिया अतीक अहमद के ड्राइवर ने किया सुसाइड, ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

तकरीबन 2 साल पहले मौत के घाट उतारे जा चुके माफिया अतीक अहमद के ड्राइवर ने खुदकुशी की है. अतीक अहमद और उसके परिवार के ड्राइवर रहे आफाक अहमद ने ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी किया है. बताया जाता है कि ड्राइवर आफाक का बेटा अरबाज प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल शूटआउट केस में शामिल था. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि आफाक अहमद का नाम चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में था. लेकिन वह लंबे वक्त से फरार चल रहा था. अब रविवार को उसने सुसाइड कर लिया है. जबकि दो साल पहले अतीक अहमद की गोली मारकर हत्या की जा चुकी है. वहीं पुलिस ने अतीक के बेटे अरबाज को एनक. ाउंटर में मार गिराया था. इस मामले में आफाक से भी पूछताछ की गई थी. लेकिन अब कुसुवां रेलवे क्रॉसिंग के पास मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली है. आफाक पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सलाहपुर गांव का रहने वाला था. खुदकुशी की वजह अभी साफ नहीं है. लेकिन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है.दोनों की पत्नी फरार गौरतलब है कि साल 2023 में प्रयागराज में हुए चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद को आरोपी बनाया गया था. हालांकि पूछताछ के दौरान प्रयागराज में ही दोनों की पुलिस के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में दोनों की पत्नियां भी आरोपी हैं हालांकि वो तभी से फरार चल रही हैं. बलिया स्वास्थ्य केंद्रों में धोखाधड़ी कर नौकरी हासिल करने के आरोप में 15 लोगों पर FIR दर्जलंबे समय से पुलिस ने दोनों की तलाश कर रही है. दोनों पर एक–एक लाख रुपए इनाम घोषित है. बीते दिनों कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि वो कोलकात एयरपोर्ट से होते हुए विदेश भाग गई हैं. हालांकि इस मामले की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है.

# मण्डलायुक्त ने महाशिवरात्रि पर्व, रमजान, होली, चौत्र-नवरात्र एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत

# मण्डल के सभी जिलों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा महाशिवरात्रि पर्व, रमजान, होली, चौत्र–नवरात्र एवं ईद–उल–फितर के दृष्टिगत मण्डल के सभी जिलों में काबड़ यात्रा श्रद्धालुओं के आने–जाने वाले मार्गों पर तत्काल निरीक्षण कर सम्बन्धित विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि कहीं पर भी सड़क व पटरी क्षतिग्रस्त अवस्था में न हों और मार्गों पर कंकड़, पत्थर न रहें। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ में साँकरा घाट व बुलन्दशहर के नरौरा व रामघाट गंगा तट पर आवागमन के लिए श्रद्धालुओं द्वारा अलीगढ़ रामघाट मार्ग का प्रयोग किया जाता है, इसके अतिरिक्त कासगंज में सोंरो के लहरा व बदायूँ के कछला घाट के लिए श्रद्धालु मण्डल के सभी जिलों के अतिरिक्त मथुरा, आगरा व राजस्थान एवं हरियाणा के कई जिलों से आवागमन करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गो पर बिल्डिंग मैटेरियल तथा अस्थाई–स्थाई अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं बनी रहती है। विशेषकर रात्रि के समय सड़क किनारे पड़े हुए बिल्डिंग मैटेरियल के कारण छोटे व हल्के बाहनों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सभी मार्गो पर बिल्डिंग मैटेरियल, अस्थाई व स्थाई अतिक्रमण को तत्काल हटवा दिया जाये। जिससे सम्भावित दुर्घटना से बचा जा सकें। उन्होंने यातायात व्यवस्था के लिए निर्देशित किया कि सभी मार्गो पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र एवं ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन पर विशेष सतर्कता बरतते हुए आवश्यक पुलिस व्यवस्था भी सु. निश्चित कर ली जाये। गत वर्षों में ऐसे स्थल जहाँ पर दुर्घटनाएं हो चुकी है। उन्हें चिन्हित करते हुए पूर्व से ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाये। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं की सम्भावनाएं न रहें। सभी मार्गो पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिये चौराहों एवं आवश्यकतानुसार मार्गो पर पुलिस व ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित कर दी जाये। मार्गो पर आवागमन की सुलभता हेतु चिन्हांकन बोर्ड भी लगवा दिये जाये। सभी ट्रैफिक सिग्नलों को सुचारू रखा जाये। आवश्यकतानुसार भारी व हल्के बा. हनों का रूट डायवर्जन करते हुए आवश्यक स्थानों पर चिन्हांकन बोर्ड भी लगवाये जाये। प्रमुख मन्दिरों पर अथवा भीड़–भाड़ वाले युक्त मन्दिरों पर जल चढ़ाने के दौरान आने–जाने वाले मार्गों को अलग–अलग रखते हुए पर्याप्त बैरीकेटिंग भी कराई जाये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष रूप से महिला पुलिस की तैनाती करते हुए उनके लिये अलग कतार एवं बैठने की व्यवस्था की जाये। महिलाओं के लिये टॉयलेट की व्यवस्था अलग से सुरक्षित स्थान पर रखी जाये। अलीगढ़ के खेरेश्वर मन्दिर पर आत्याधिक भीड़ रहने एवं मन्दिर फर्श से नीचे होने के कारण बेरीकेटिंग आदि एवं भीड़ को नियत्रित किये जाने की अतिरिक्त व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाये।उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि सम्बन्धित अवर अभियन्ता अपने–अपने क्षेत्रों में

पेट्रोलिंग करते हुए यह सुनिश्चित करें कि किसी भी मार्ग पर जर्जर पोल एवं लटकते–झूलते तार न रहें। तथा काबड़ यात्रा के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जायें कि निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुचारू रहे। लोकल फॉल्ट व ट्रिपिंग आदि के कारण विद्युत आपूर्ति वाधित न हो इसके लिए भी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाये। कानून व्यवस्था के लिए थाना व चौकी स्तर पर पीस कमेटी की बैठकें करते हुए यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि किसी भी प्रकार नये आयोजन व मार्ग पर यात्रा की अनुमति नहीं दी जाये। सभी प्रकार के आयोजन व कॉबड़ यात्रा परम्परागत पूर्व प्रचलित प्रथा के अनुसार ही सम्पन्न होंगे। काबड़ यात्रा मार्ग व मन्दिरों के आस–पास सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए निजी सीसीटीवी कैमरों धारकों से भी आवश्यक सहयोग लिया जाये। काबड़ यात्राओं के दौरान महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु अराजक तत्वों व हूटिंग करने वालों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखते हुए ऐसे तत्वों पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि मिश्रित आबादी एवं गत वर्षों में उपद्रव व झगड़े वाले क्षेत्रों की ड्रोन से निगरानी कराते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि अराजक तत्वों द्वारा उपद्रव हेतु किसी भी प्रकार की साम्रगी घरों की छतों अथवा किसी प्लाट में एकत्रित न की गई हो। सघन निगरानी हेतु एल०आई०यू० एवं मुखबिर तन्त्र को सक्रिय रखा जाये। प्रमुख मन्दिरों पर अथवा भीड़–भाड़ वाले युक्त मन्दिरों पर जल चढ़ाने के दौरान आने–जाने वाले मार्गों को अलग–अलग रखते हुए पर्याप्त बैरीकेटिंग भी कराई



जाये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष रूप से महिला पुलिस की तैनाती करते हुए उनके लिये अलग कतार एवं बैठने की व्यवस्था की जाये। महिलाओं के लिये टॉयलेट की व्यवस्था अलग से सुरक्षित स्थान पर रखी जाये। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी जिला, संयुक्त, सामुदायिक व प्राथ. मिक चिकित्सालयों पर आवश्यक चि. कत्सक एवं स्टाफ की ड्यूटी पूर्व से ही निर्धारित करते हुए चिकित्सालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी जायें। उन्होंने नगरीय वग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट एवं सफाई व्यवस्थाएं शत–प्रतिशत सुनिश्चित की जाये। श्रद्धालुओं के मार्ग एवं सभी प्रमुख मन्दिरों के आस–पास सार्वजनिक शौचालयों को साफ–सुथरा एवं सुचारू रखा जायें। शौचालयों पर केयर टेकर की तैनाती भी रखी जाये। आवश्यकतानुसार मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था की जाये। कावड़ यात्रा मार्गो पर निजी लोगों द्वारा लगाये जाने वाले कैम्पों पर साफ–सफाई, व्यवस्था हेतु टीमें एवं वाहन मूवमेन्ट में तैनात किये जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये प्रति. बन्धित प्लास्टिक के बर्तनों का कम से कम उपयोग हो तथा जीरो वेस्ट के लिये भी सभी को प्रेरित किया जाये। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि श्रद्धालुओं व मन्दिरों के आवागमन मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था सुचारू रहे। आवश्यकतानुसार नई लाइटें भी लगवा दी जायें तथा लाइटों की तत्काल मरम्मत के लिए रिजर्व रूप में स्टाफ की तैनाती रखी जाये। श्रद्धालुओं व मन्दिरों पर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली जाये। आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर आदि से भी व्यवस्थाएं की जाये। होली पर्व के दृष्टिगत 13 व 14 मार्च 2025 को हो. लिका दहन एवं होली (धूल) का पर्व है व 14 मार्च को शुक्रवार की नमाज भी होगी। उक्त के दृष्टिगत पूर्व से जनपद, तहसील, थाना व चौकी स्तर पर पीस कमेटी की बैठकें करते हुए यह सुनिश्चित किया जाये। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं मुखविर तंत्र को पूर्व से ही सक्रिय करते हुए ऐसे तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाये जो त्यौहार की आड़ में माहौल खराब कर सकते है। किसी भी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त होने पर ऐसे तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये। किसी भी धार्मिक स्थल से किसी भी प्रकार की बयानबाजी ना हो इस पर कड़ी निगरानी रखी जाये।सभी जिलों में यह सुनिश्चित किया जाये कि होलिका दहन अथवा नमाज पूर्व से ही प्रचलित जगहों पर ही सम्पन्न हो। किसी भी प्रकार के नये स्थल व नये आयोजन अथवा होली यात्रा हेतु नये मार्ग की अनुमति अनुमन्य न की जाये। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में निरन्तर निगरानी रखते हुए पूर्व में हुए विवादीत मामलों की समीक्षा समय पूर्व करना सु. निश्चित करें। चौत्र नवरात्रि व ईद–उल–फितर व रमजान माह के लिए नगरीय निकाय एवं ग्राम विकास विभाग द्वारा आवश्यक सफाई, मार्ग प्रकाश की व्यवस्थाएं सुदृढ़ रूप से सुनिश्चित कर ली जाये। नागरिकों को सभी त्यौहारों पर पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये। मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने समय से सम्यक् जनसुविधा व कानून व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के दिये गये निर्देशों का अपने–अपने जनपदों में शत–प्रतिशत अनुपालन कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## आस्था संस्था के द्वारा 23 फरवरी को कराया जायेगा, 25 कन्याओ का सामुहिक विवाह

अलीगढ़ । आस्था संस्था की एक प्रेस वार्ता का आयोजन रामधाट रोड, स्थित पराग रे. स्टोरेन्ट मे किया गया। इस अवसर पर पत्रकारो को सम्बोधित करते हुये आस्था के संस्थापक एंव मुख्य संयोजक हिमांशु गर्ग ने बताया कि पिछले 05 वर्षों की भांति इस वर्ष भी माता पार्वती एंव भोलेनाथ के विवाह पर्व महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में संस्था ने 25 कन्याओं का सामुहिक विवाह 23 फरवरी रविवार दोपहर 12रू00 बजे पराग डेयरी पर आयोजित किया है। जिसमे प्रत्येक जोडे को संस्था के द्वारा दिये गये उपहारो के साथ मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के माध्यक से 51 हजार का लाभ भी दिलाया जायेगा। सामुहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद श्री सतीश गौतम एंव महापौर श्री प्रशान्त सिंघल दीप प्रज्जलन कर करेगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री संजीव रंजन, मुख्य यजमान श्री अतुल अग्रवाल (च्व्स्) कार्यक्रम अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल रेमण्ड अति विशिष्ठ अतिथि एमएलसी श्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह श्गुरुजीश कोल विधायक श्री अनिल पाराशर, शहर विधायक श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रखर कुमार सिंह एंव विशिष्ठ अतिथि श्री मनोज कुमार वार्ष्णेय पराग रे. स्टोरेन्ट होगे। सह संयोजक सुशील अग्रवाल एंव राकेश गर्ग ने बताया कि संस्था की ओर से प्रत्येक नव दम्पत्ति को उपहार स्वरूप बैड, गद्दा, कम्बल, तकिये, चादर, अलमारी (सेफ), साईकिल, सिलाई मशीन, 51 बर्तन का डिनर सैट, स्टील की नाद. 25 लीटर का वाटर कैम्पर, मिक्सी, पंखा, प्रेस, कुकर, 4 कुर्सी एंव 1 मेज का सैट, बाथरूम सैट, कपडे सुखाने का स्टेण्ड, शू–रैक, पांच–पांच जोडे कपडे, पाजेब, बिछुए, सोने की नथ आदि गृहस्थी की दैनिक उपयोगी सामान दिया जायेगा।

## पाड़ बांधते समय पाइप हाई टेंशन लाइन से टकराया, करंट से मजदूर की मौत, एक घायल

दादों में गांव सांकरा के मजरा नगला सड़क में दुकान पर प्लास्टर करने के लिए पाड़ बांधते समय लोहे का पाइप ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को छू गया। इससे लोहे के पाइप में करंट प्रवाहित हो उठा। इससे चिपककर एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। उसे जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।गांव नगला सड़क निवासी अजयपाल सिंह (38) पुत्र सुखबीर सिंह रविवार को गांव निवासी शिव कुमार की दुकान पर प्लास्टर करने के लिए पाड़ बांध रहे थे। पाड़ बांधते समय सुबह करीब नौ बजे लोहे का पाइप अचानक से ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को छू गया। इससे लोहे के पाइप में हाईटेंशन लाइन का करंट प्रवाहित हो उठा। पाइप को पकड़े अजयपाल सिंह और शिवकुमार करंट से चिपककर तड़पने लगे। यह देखते ही वहां हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को तत्काल छर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से प्राथमिक उपचार के साथ जेएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मजदूर की मौत से उसकी पत्नी, तीन बेटियों और दो बेटों का रो–रोकर बुरा हाल था। वहीं जेई जयकृष्णा का कहना है कि बिजली घर में आपूर्ति बंद करने जैसी कोई सूचना नहीं आई।

## अलीगढ़ महोत्सव के कृष्णअंजलि नाट्यशाला मंच पर महाराजा सैनी महात्मा ज्योतिबा राव फुले संस्था रजि.

अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजी. के संयुक्त तत्वावधान में भव्य ज्योतिबा राव सांस्कृतिक सम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ठाकुर श्योराज सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह लाला भैया ने कहा कि आज के परिवेश में महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं सावित्रीबाई फुले के विचारों पर चलकर वर्तमान पीढ़ी अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकती है। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डीके सिंन्ना, हरियाणा समालखा के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर सूरजभान सैनी ने भारत सरकार से ज्योतिबा राव फुले दंपति को भारत रत्न से प्रस्तुत करने की अपील की।सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा पंजी. के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने सम्मेलन की सफलता पर आयोजकों को बधाई दी एवं सम्मेलन में रंगा. रंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सामाजिक प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि यह जग जाहिर है कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने समाज के शोषित वर्ग को नई दिशा प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत में अलख जगाई राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के सम्मान के लिए सतत संघर्ष किया जिसके प्रणाम स्वरूप पूरे भारत में महिलाएं आज पुरुषों के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना पूर्ण योगदान कर रही है उन्होंने भारत सरकार से पुरजोर अपील करते हुए कहा कि फुले दंपति को शीघ्र भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन समाजसेवी पवन गांधी ने किया महेंद्र पाल सिंह बौद्ध, मथुरा की 4 वर्ष की गुजरिया कुमारी आराध्या ने कान्हा ने गजब कर डालो पर नृत्य किया सुशीला देवी इंटर कॉलेज गंगीरी के छात्राओं ने प्रधानाचार्य डॉ विष्णु कुशवाहा के नेतृत्व में सावित्रीबाई फुले के जीवन वृत पर नाट्य तथा सोनू सैनी डांस ग्रुप ने की अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की भरपूर वाह वही लूटी। कार्यक्रम के संयोजक व अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय संगठन सचिव विजेंद्र सैनी एवं सरदार मुकेश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं सावित्रीबाई फुले से संबंधित पुस्तक गुलामगिरी जैसे साहित्य को पढ़कर उनकी शिक्षाओं पर चलकर हम अपने जीवन में प्रत्येक स्तर पर अग्रसर रह सकते हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय सैनी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र सिंह सैनी, वैज्ञानिक विचारक डॉ रा. जेंद्र सिंह, पदम श्री पदम भूषण गोपाल दास नीरज जी के पूर्व सचिव राम सिंह कवि, राष्ट्रीय किसान यूनियन के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ योगेंद्र चौधरी, एडवोकेट मुकेश सैनी सेल टैक्स, विजयपाल कुशवाहा, पाल सैनी भानु प्रकाश सैनी, डॉक्टर चेतन सैनी, प्रशांत सैनी, राजेंद्र सैनी, राजवीर सैनी अध्यापक, एडवोकेट ललित कुशवाहा, उमेश सैनी बुलंदशहर राजेश सैनी, सुधा सैनी, सागर सैनी, विमल सैनी बीके विनोद टेलर अवधेश सिंह आदि उपस्थित रहे

## हैंडस फॉर हैल्प संस्था ने 13 वीं वर्षगांठ पर मेडिकल कॉलेज के कार्डियक सर्जरी विभाग को रोटेरी क्लब अलीगढ के सहयोग भेंट की एक व्हीलचेयर

अलीगढ़ ।सामाजिक संस्था हैंड्स फॉर हेल्प के तेरह सफलतम वर्ष पूर्ण हो गए हैं और संस्था ने अपनी 13वीं वर्षगांठ के दिन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ के पीरियाडिक कार्डियक सर्जरी विभाग को एक व्हीलचेयर रोटरी क्लब अलीगढ़ के सहयोग से उपहार के रूप में दी ।इस व्हीलचेयर का मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में आए दिल के रोगी बच्चों के लिए उपयोग में लिया जाएगा।आपको बता दें कि संस्था द्वारा अब तक अनेक लोगों के उपचार,रक्त की मदद,असहाय वृद्धजनों की मदद,असहाय लोगों को राशन आदि में मदद की साथ ही रक्तदान शिविर,कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर,स्वास्थ्य शिविर व हमारे जनपद में आए दूर के रोगी जिनका उपचार के दौरान दुर्भाग्य से देहांत हो जाता है उनके पार्थिव शरीरों को उनके गृह जनपद एम्बुलेंस से भेजने का प्रबंध करना आदि कार्य किए हैं ।इस मानवीय कार्य में संस्था के सचिव राहुल वशिष्ठ डॉ.डी.के. वर्मा,अनिरुद्ध शर्मा,नसीम भाई और संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सनातन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पर्व महाकुम्भ मेला–स्वामी प्रखर जी महाराज

अलीगढ़/प्रयागराज ।तीर्थराज प्रयागराज में महाकुम्भ के पावन पवित्र अवसर पर आध्यात्मिक,वैदिक, सांस्कृतिक एवं परम्परागत धार्मिक सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष बहुत ही भव्य दिव्य एवं अमृत महाकुम्भ के नाम से मनाया गया।महाकुम्भ मेला में अपनी सेवा दे रहे प्रखर परोपकार मिशन द्वारा संचालित पचास बिस्तर के निःशुल्क च्च्ड अस्पताल का भी विसर्जन हो चुका है और इस शिविर के माध्यम से धार्मिक आयोजनों की त्रिवेणी भी बहाई गयी,जिसमें सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि इस शिविर के संस्थापक यज्ञ सम्राट परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर जी महाराज ने पत्रकारों से रूबरू हुए अपने शिविर से सम्बंधित जानकारी साझा करते हुए बताया कि सबका सौभाग्य है कि बारह वर्ष बाद लगे इस विशाल महाकुम्भ में शासन और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी द्वारा सकुशल सफलता प्राप्त हुई।उन्होंने सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि योगी जी के सानिध्य में सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु इस सरकार द्वारा महाकुम्भ में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो पायी,हालांकि घरों में अतिरिक्त मेहमान आने पर असुविधा उत्पन्न हो जाती है लेकिन यहां करोड़ों की जनसंख्या को नियंत्रित करना अकल्पनीय है।च्च्ड शिविर में होने वाले आयोजनों को लेकर उन्होंने कहा कि देश के योग्य डाक्टर की टीम द्वारा सर्व साधारण श्रद्धालुओं की सेवा हेतु निशुल्क सुविधाएं दीं गयीं और महाकुंभ में आध्यात्मिक ज्ञान,सांस्कृतिक आदान–प्रदान और सामाजिक समरसता का आदान–प्रदान के साथ ही सबकी नि. रोगी काया हो जाये इस उद्देश्य से विशिष्ट प्रखर परोपकार मिशन अस्पताल बनाया गया,जिसमें अत्याधुनिक तकनीक से सम्बन्धित मशीनों एवं विशिष्ट डाक्टरों की टीम द्वारा समुचित इलाज किया गया।वहीं इस अवसर पर स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि महाकुम्भ,भारतीय संस्कृति का महापर्व है और हमारी प्राचीन सनातनी परम्परा को आधुनिक परिवेश में जोड़ने वाले इस विराट महापर्व पर देश विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आकर कल्पवास एवं माघ स्नान कर अपने जीवन को धन्य करते हैं साथ ही तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ के आयोजन का विशेष महत्व है।शिविर संयोजिका माता चिदानंदमयी ने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 250 दण्डी सन्यासियों हेतु निःशुल्क जलपान, मेले में आने जाने वाले तीर्थयात्रियों हेतु निःशुल्क चाय–पकौड़ी का भी वितरण प्रतिदिन प्रातः से सायं तक किया गया साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन इस शिविर के माध्यम से किये गए जिनमें विश्व विख्यात पूज्य डॉ. दिव्य चेतन ब्रह्मचारी महाराज (सहायक आचार्य, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी) के श्रीमुख से माघ माहात्म्य कथा,पूज्य गुरुदेव अनन्तश्री विभूषित महामण्डलेश्वर स्वामी श्रीप्रखर जी महाराज के श्रीमुख से श्रीरामकथा जिसमें जगतगुरू रामानुचार्य स्वामी राघवाचार्य जी महाराज सहित अन्य सुप्रसिद्ध कथा वाचक आते रहे।इसी क्रम में ज्ञानमय यज्ञ में दिनांक 16 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक रात्रि 08 से 09 बजे तक धर्मशास्त्र तथा मीमांसा की विविध पंक्तियों के माध्यम से भक्तों के प्रश्नों के सटीक व शास्त्र सम्मत उत्तर देने के लिए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के मीमांसा विभाग के प्रोफेसर डॉ.कमलाकान्त त्रिपाठी,डॉ.गिरीश पाण्डेय,पी.पी.एम. संस्कृत एकेडमी के डॉयरेक्टर डॉ.सज्जन प्रसाद तिवारी एवं पूज्य योगेश ब्रह्मचारी जी द्वारा 'प्रश्नोत्तरी सभा' एवं शंका समाधान का भी अयोजन भी नित्य प्रति किया गया।शिविर में निवास करने वाले कल्पवासियों तथा अन्य भक्तों के पितरों के निमित्त तर्पण आदि कर्म कराने के लिए परम्परागत विद्वान ब्राह्मणों की भी व्यवस्था की गई।वहीं इस महाकुम्भ में आये अवासीय शिविर में निवास हेतु अटैच लैट–बाथरूम एवं प्लाई वुड से बने सुसज्जित 52 कमरों (विष्णु लोक) का निर्माण कराया गया और साधु–सन्तों के निवास हेतु अटैच लैट–बाथरूम एवं प्लाई वुड से बने 6 कमरों (भक्ति लोक) का निर्माण कराया गया।सामान्य भक्तजनों के निवास हेतु 36 कमरों (शिवलोक) का निर्माण कराया गया।शिविर में कल्प वासियों के लिए भोजन एवं भंडारा की शुद्धता व पवित्रता का विशेष ध्यान रखते हुए वेणीमाधव प्रसादालय में तीनों समय सात्विक भोजन की भी व्यवस्था गई है। शिविर में प्रत्येक दिन महापुरुषों का भी आगमन होता है,जिसमें सामवेदीय पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज, ज्योतिष पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, परम पूज्य रावतपुरा सरकार जी महाराज, सुविख्यात कथावाचक पूज्य अनिरुद्धाचार्य जी महाराज,हरियाणा मठ के स्वामी शिवाधार जी महाराज सहित विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक बड़े दिनेश जी,इंद्रेश जी सहित अन्य विशिष्ट महापुरुष भी शिविर में पधारे।वार्ता में माँ चिदानंदमयी,आचार्य गौरव शास्त्री,अशोक जोशी,नरेंद्र शर्मा,रो. हित शर्मा,सुषमा अग्रवाल,विनीता शर्मा,आनंद ब्रह्मचारी, दिनेश मिश्रा,कुल्दीप तिवारी,सौरभ शर्मा, नवीन चौधरी,कुश उपाध्याय समेत अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# छात्राओं की बॉडी परिजनों को सौंपी गई, चौथे युवक की भी मौत

## हाथरस में तीन छात्राओं के शवों का पोस्टमार्टम



हाथरस में सादाबाद के आगरा–अलीगढ़ एनएच पर हुए सड़क हादसे में मृत तीन छात्राओं का रविवार को हाथरस में पोस्टमार्टम किया गया। इस हादसे में एक युवक की भी मौत हो गई। घटना शनिवार को हुई, जब शहजाद अपने दोस्त वीकेश के साथ दो बाइक पर अपनी बहनों को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से लेने गया था। उनके साथ पड़ोस में रहने वाली दो अन्य छात्राएं भी थीं।शहजाद की बाइक पर उसकी बहनें नरगिस (14), शहनाज (13) और पड़ोस की पीहू (12) सवार थीं। वीकेश की बाइक पर सिमी और मुस्कान बैठी थीं। बढार के पास एक कपड़ों से भरे रिक्शे से टकराने के बाद शहजाद और तीन लड़कियां सड़क पर गिर पड़ीं। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। तीनों छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई।गंभीर रूप से घायल शहजाद ने आगरा में उपचार के दौरान देर रात दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के दौरान मृतक छात्राओं के परिजन, पुलिस और अलीगढ़ बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए, जिन्हें वे आगरा ले गए।


## सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में पुरदिलनगर नहर पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसा

सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में पुरदिलनगर नहर पुल पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। शादी समारोह में जा रही वैगनआर कार की ट्रैक्टर–ट्राली से टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक 26 वर्षीय आनंदमोहन उर्फ आशु की मौके पर ही मौत हो गई।कार में सवार चार अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों में अर्जुन पुत्र केहरी सिंह, ओमबीर पुत्र रामबीर सिंह, योगेश पुत्र श्रीपाल सिंह और टिंकु पुत्र योगेंद्र सिंह शामिल हैं। सभी फिरोजाबाद के छोटा लालपुर अस्फाबाद के रहने वाले हैं। गंभीर रूप से घायल अर्जुन को आगरा रेफर किया गया है।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा सभी लोग फिरोजाबाद से अकराबाद अलीगढ़ में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम और सीईओ सिकंद्राराऊ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कांवड़ यात्रा के लिए शिविर लगना शुरू

कांवड़ यात्रा को लेकर कांवड़ियों के ठहरने के लिए मथुरा–बरेली मार्ग पर शिविर लगना शुरू हो गया है।यात्रा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है। शहर में कांवड़ मार्ग पर बड़े वाहनों का प्रवेश रोकने के लिए मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। महाशिवरात्रि नजदीक आते ही कावंड़िए रवाना होने लगे हैं। राजस्थान के कांवड़िए वाहनों से गंगाघाट की ओर जाने लगे हैं। कांवड़ियों को परेशानी न हो इसके लिए शिविर भी लगना शुरू हो गए हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस–प्रशासन किसी भी तरह की कमी छोड़ना नहीं चाहता है।इस तरह रहेगा मार्ग परिवर्तितआगरा की ओर से आने वाले मध्यम, बड़े वाहन नगला भुस तिराहा से बाईपास होते हुए हतीसा पुल होकर अलीगढ़ की ओर जाएंगे। अलीगढ़ की तरफ से आने वाले मध्यम व बड़े वाहन रूहेरी तिराहा से बा. ईपास होते हुए बाया हतीसा पुल से मथुरा और आगरा की ओर जाएंगे।सिकंदराराऊ की ओर से आने वाले मध्यम व बड़े वाहन कोतवाली हाथरस जंक्शन से हाथरस बा. ईपास होते हुए बाया रूहेरी–हतीसा पुल होते हुए आगरा, मथुरा व अलीगढ़ की तरफ जाएंगे।मथुरा की ओर से आने वाले वाहन हतीसा पुल के ऊपर से होते हुए आगरा और अलीगढ़ की ओर जाएंगे।जलेसर की ओर से आने वाले मध्यम व बड़े वाहन चामड़ गेट चौराहे से डीआरबी तिराहा, नगला भुस बाईपास होते हुए आगरा और अलीगढ़ की ओर जाएंगे।कासगंज की ओर जाने वाले मध्यम व बड़े वाहन सिकंदराराऊ चामड़गेट चौराहे से डीआरबी तिराहा, नगला भुस होते हुए आगरा और अलीगढ़ की ओर जाएंगे।एटा की ओर से आने वाले वाहन अलीगढ़ और एटा बाईपास होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

## हाथरस में कल से यूपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं होंगी



हाथरस में कल से यूपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं होंगी। जिले में 96 परीक्षा केंद्रों पर 45 हजार से अधिक विद्यार्थी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीटिंग प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है। कई विद्यार्थियों ने आज अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच कर सीटिंग व्यवस्था की जानकारी ली और अपना रोल नंबर देखा।अधिकारियों ने भी सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती सुनिश्चित कर दी गई है। परीक्षा के लिए सचल दल भी गठित कर दिए गए हैं। परीक्षाओं की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम और मॉनिटरिंग रूम स्थापित किया गया है। अधिकारी परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की तैयारी में जुटे हैं। नकल रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।परीक्षा केंद्रों पर पुलिस फोर्स रहेगा तैनात... केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगे हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सु. निश्चित की गई है। यह व्यवस्था परीक्षा के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करेगी। अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं।

## सरिया लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली से कार की भिड़ंत, एक की मौत, चार गंभीर घायल

वैगन आर कार में सवार पांच लोग शादी में जा रहे थे। रात में कार ट्रैक्टर–ट्रॉली से जा भिड़ी। जिससे कार चालक की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।22 फरवरी की रात साढ़े दस बजे पुरदिलनगर–सिकंदराराऊ मार्ग पर नहर के निकट लोहे की सरिया लाद कर जा रही ट्रैक्टर–ट्रॉली से कार की भिड़ंत हो गई। इससे कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। एक गंभीर घायल को आगरा रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वैगन आर कार न्च83ठश्र 2164 में सवार होकर फिरोजाबाद के थाना रसूलपुर अंतर्गत छोटा लालपुर अस्फाबाद निवासी आनंदमोहन उर्फ आशु पुत्र अशोक, अर्जुन पुत्र केहरी सिंह, ओमबीर पुत्र रामबीर सिंह, योगेश पुत्र श्रीपाल सिंह व टिंकु पुत्र योगेंद्र सिंह शादी में फिरोजाबाद से अलीगढ़ के अकराबाद जा रहे थे। वैगन आर कार को 26 वर्षीय आनंदमोहन उर्फ आशु चला रहा था। रात्रि साढ़े दस बजे गाड़ी पुरदिलनगर में नहर पुल पर पहुंची तो सामने से लोहे की सरिया लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। जिससे आनंदमोहन उर्फ आशु की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कार सवार अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सिकंदराराऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। गंभीर घायल अर्जुन को उसके साथी उपचार के लिए आगरा ले गए। मृतक आनंद मोहन उर्फ आशु के शव को हाथरस पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## हाथरस के गोपाल धाम में निस्वार्थ सेवा संस्थान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया

हाथरस के गोपाल धाम में निस्वार्थ सेवा संस्थान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और रामचंद्र जी की मूर्ति पर माल्यार्पण से हुई। संस्थान के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्थान की नई पत्रिका का विमोचन किया गया।इस पत्रिका में समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं।मौजूद अतिथियों ने पत्रिका की सराहना की। उन्होंने इसे समाज के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में संस्थान के पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान किया। सभी ने उम्मीद जताई कि संस्थान भविष्य में भी सामाजिक उत्थान के लिए काम करता रहेगा।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद.कार्यक्रम में सचिव नीरज गोयल, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, प्रवक्ता हिमांशु गौड़, कॉर्डिनेटर चंद्र प्रकाश अग्रवाल और सोशल मीडिया प्रभारी सारांश टालीवाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इनके अलावा तरुण राघव, निश्कर्ष गर्ग, वरुण अग्रवाल, ध्रुव कोठीवाल, लोकेश सिंघल और अन्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## मंडियों में आलू के भाव में भी भारी गिरावट आई

सादाबाद तहसील में आलू की खुदाई बड़े पैमाने पर शुरू हो गई है। मौसम में लगातार बदलाव से किसान चिंतित हैं। उन्हें डर है कि मौसम की खराबी से खुदाई का काम प्रभावित हो सकता है।इस साल आलू की पैदावार में भारी गिरावट देखी जा रही है। प्रति बीघा औसतन 40 कट्टे आलू की पैदावार हो रही है।पिछले साल यह 50 से 55 कट्टे प्रति बीघा थी। किसानों की परेशानी कम पैदावार तक ही सीमित नहीं है।मंडियों में आलू के भाव में भी भारी गिरावट आई है। शुरुआती दिनों में जहां 1000 से 1200 रुपए प्रति कुंतल भाव मिल रहा था, वह अब घटकर 600 से 800 रुपए प्रति कुंतल रह गया है।किसानों के अनुसार एक बीघा आलू की खेती में 25,000 से 30,000 रुपए तक की लागत आती है। मंडियों में भाव कम होने से उन्हें भारी नुकसान की आशंका है। मौसम की अनिश्चितता और कम कीमतों के कारण किसान दोहरी मार झेल रहे हैं।

## हाथरस में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं कांवड़ियों के लिए विश्राम शिविर लगा

हाथरस में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं कांवड़ियों के लिए विश्राम शिविर लगा रहे हैं। अधिकारी इन शिविरों का निरीक्षण कर रहे हैं।26 फरवरी को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए कुछ कांवड़िये पहले ही गंगा घाटों से जल लेकर निकल चुके हैं।कई कांवड़िये दूर–दराज के क्षेत्रों में जाते हुए जिले से गुजर रहे हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बड़े और मध्यम वाहनों के मार्ग बदल दिए गए हैं।आगरा से आने वाले वाहन नगला भुस तिराहा से बाईपास होकर हतीसा पुल के रास्ते अलीगढ़ जाएंगे। अलीगढ़ से आने वाले वाहन रूहेरी तिराहा से बाईपास होते हुए हतीसा पुल से मथुरा और आगरा की ओर जाएंगे।सिकंदराराऊ से आने वाले वाहन कोतवाली हाथरस जंक्शन से होते हुए रूहेरी–हतीसा पुल मार्ग से आगरा, मथुरा और अलीगढ़ जाएंगे।मथुरा से आने वाले वाहन हतीसा पुल से होकर आगरा और अलीगढ़ की ओर जाएंगे। जलेसर और कासगंज की ओर से आने वाले वाहनों को चामड़ गेट चौराहे से डीआरबी तिराहा और नगला भुस बाईपास के रास्ते भेजा जाएगा।एटा से आने वाले वाहन अलीगढ़ और एटा बाईपास से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। प्रशासन कांवड़ियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अधिकारी जूता का निरीक्षण कर रहे हैं और शिविरों को भी व्यवस्थाएं देख रहे हैं।

## ग्रीन हाईवे के लिए डेढ़ हजार किसानों की जमीन का होगा अधिग्रहण, इन गांव से होकर गुजरेगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस मार्ग पड़ने वाले किसानों और उद्यमियों के अलावा सरकारी भूमि का भी चिह्नांकन कर लिया है। जल्द ही अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद मुआवजा राशि का वितरण शुरू किया जाएगा।आगरा–अलीगढ़ मार्ग पर एनएच 509 के नाम से नए ग्रीन हाईवे के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। करीब 66 किमी लंबे प्रस्तावित राजमार्ग का करीब 47 किमी का हिस्सा हाथरस जिले से होकर गुजरेगा। इसके लिए जिले में करीब डेढ़ हजार किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जिन किसानों की जमीन ली जाएगी, उनको मुआवजा देने के लिए सर्किल रेट के आधार पर धनराशि का आकलन शुरू कर दिया गया है।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इस मार्ग पड़ने वाले किसानों और उद्यमियों के अलावा सरकारी भूमि का भी चिह्नांकन कर लिया है। जल्द ही अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद मुआवजा राशि का वितरण शुरू किया जाएगा। केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत इस फोर लेन राजमार्ग का निर्माण किया जाएगा। वर्तमान में आगरा–अलीगढ़ राजमार्ग टू लेन है। इस मार्ग पर यातायात का काफी दबाव काफी रहता है। कई बार इस मार्ग पर यात्रियों को जाम की समस्या भी झेलनी पड़ती है।काफी समय से इस राजमार्ग को फोर लेन बनाने की मांग चल रही है। टू लेन में होने की वजह से वर्तमान में इस राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रत्येक लेन की चौड़ाई 3.5 मीटर है। दोनों लेन को मिलाकर यह राजमार्ग सात मीटर चौड़ा है। ऐसे में इस मार्ग पर भारी वाहनों के साथ दोपहिया वाहनों के चलने से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। खासकर रात्रि में सफर दौरान यह मार्ग अधिक खतरनाक हो जाता है।एनएच 509 के तहत अधिग्रहण के लिए भूमि का चिह्नांकन पूरा हो गया है। जल्द ही भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी। मुआवजे को प्रक्रिया संचालित है।–संजय वर्मा, परियोजना निदेशक एनएचएआई।इन गांवों से होकर गुजरेगा राजमा हाथरस बमनई, बीछिया, बिसरात, दर्शना, दयालपुर, धातुरा खुर्द, गढ़ई, कथरिया, केसर गढ़ी, खजूरिया, कोरना–चमरुआ, लुहेटा खुर्द व कलां, मगटई, मूंगसा, नगला दया, नगला नंदराम, पटाखास, रामगढ़, रतभानगढ़ी, टुकसान, विशुनदास, सासनी विधैपुर, बसगोई, छौंड़ा गढ़ौआ, देदामई, दिनावली, हर्दपुर, जसराना, लढ़ौता, मोहरिया, नगला भीका, नगला गढ़ू, सांदलपुर, सिंघर सादाबाद एदलपुर, बिचपुरी, दगसह, घूंचा, झगरार, कजरौठी, कंजौली, कुम्हरई, कुरसंडा, मीरपुर, नसीरपुर, नौगवां, सरौठ, सीस्ताजिले में अधिग्रहण के लिए चिह्नित हुई भूमिनिजी भूमि – 258.4791 हेक्टेयरसरकारी – 16. 2138 हेक्टेयअन्य (निजीध्सरकारी) – 4.5067 हेक्टर कुल भूमि – 279.1996 हेक्टेयर



# कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने एक शातिर चोर को रेलवे स्टेशन के पास से किया गिरफ्तार

कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने एक शातिर चोर को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास पुत्र बाबूराम बरेली के सुभाष नगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 10 लाख रुपए के सोने–चांदी के जेवरात, नगदी और चोरी की बाइक बरामद की है।एएसपी राजेश भारती ने बताया कि आरोपी ने कासगंज में तीन घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। विकास की कार्यप्रणाली बेहद चालाक थी। वह बरेली से रेल के जरिए कासगंज आता था। यहां किराए का ई–रिक्शा लेकर दिन में बंद मकानों की रैकी करता था। रात दो बजे के बाद चोरी करता और फिर बरेली लौट जाता था।पुलिस के मुताबिक विकास एक पेशेवर अपराधी है। बरेली में उसके खिलाफ चोरी के 16 मामले दर्ज हैं। कुल मिलाकर उस पर करीब दो दर्जन अपराधिक मामले हैं। पुलिस ने उसके पास से चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं।

## एटा जिले के अवागढ़ क्षेत्र के जीनाबली गांव में संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने स्वच्छ जल मिशन के तहत एक विशेष जागरुकता रैली का आयोजन किया

एटा जिले के अवागढ़ क्षेत्र के जीनाबली गांव में संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने स्वच्छ जल मिशन के तहत एक विशेष जागरुकता रैली का आयोजन किया। रैली का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों की स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करना था।रैली में दर्जनों भक्तों ने हिस्सा लिया। उन्होंने बैनर, पोस्टर और तख्तियां लेकर गांव की गलियों में मार्च किया। रैली के दौरान श्स्वच्छ जल, स्वच्छ मनश और श्प्रदूषित पानी, हमारी हानिश जैसे प्रेरक नारे लगाए गए। संत निरंकारी मिशन के अनुयायी मुनेश चंद्र ने बताया कि नदी, नाले और पोखरों को स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।जल स्रोतों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना बेहद जरूरी उन्होंने कहा कि जल स्रोतों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना बेहद जरूरी है। इस जागरुकता अभियान में महिलाएं, पुरुष और बच्चे भी शामिल हुए। रैली का मुख्य संदेश था कि ग्रामीण इलाकों में नदी, नाले और पोखरों को साफ–सुथरा रखा जाए। लोगों से आग्रह किया गया कि वे इन जल स्रोतों में गंदगी न फैलाएं। पानी को दूषित होने से बचाएं।

## कासगंज जेल में गूंजे भोले और गंगा मैया के जयकारे, प्रयागराज के संगम से आए जल से बंदियों किया स्नान



कासगंज जिला कारागार प्रशासन की टीम महाकुंभ से कलशों में जल भरकर लेकर आई। जेल परिसर में बने स्विमिंग पूल में इस जल को मिलाया गया, जहां बंदियों ने ष्हर हर गंगेष और ष्बम बम भोलेष के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई। इससे पूर्व, पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन–अर्चन किया। प्रदेश की सभी जेलों में बंदियों को महाकुंभ प्रयागराज से मंगाए गए गंगा, यमुना और सरस्वती यानी त्रिवेणी के जल से स्नान कराया जा रहा है।इसी क्रम में जिला कारागार पचलाना से बंदी रक्षकों की टीम रविवार को संगम से जल लेकर आई। ष्बम बम भोलेष के जयकारों के साथ जल लेकर पहुंची बंदी रक्षकों की टीम का स्वागत किया गया। कलशों को जेल में ले जाकर पूजा–अर्चना की गई, जिसके बाद इस जल को जेल कारागार में बने स्विमिंग पूल में मिलाया गया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह ने बताया कि बंदी जेल में सजा काट रहे हैं, इस कारण वे गंगा स्नान के लिए नहीं जा सकते। उनके लिए संगम से विशेष रूप से जल मंगवाया गया है। इस जल से बंदियों ने स्नान किया, ताकि उनके सुधार और पुनर्वास की दिशा में एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा सके। उद्देश्य यह है कि वे आपराधिक प्रवृत्तियों को छोड़कर आस्था और भक्ति में मगन हो सकें।

## सदर कोतवाली क्षेत्र में 23 वर्षीय युवक का शव नाले में पड़ा हुआ मिला



कासगंज सदर कोतवाली क्षेत्र में 23 वर्षीय युवक का शव नाले में पड़ा हुआ मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की शिनाख्त मृतक की मां ने की। उन्होंने बताया कि वह कूड़े में प्लास्टिक और लोहे की बोतले बीनने का काम करता था। उसकी मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।सहावर गेट स्थित लालपुर नई हवेली इलाके के नाले में मिले 23 वर्षीय युवक की शिनाख्त शहर के मुहल्ला मोहन बाल्मीकि बस्ती निवासी महिला पिंकी ने अपना बेटा 23 वर्षीय आशीष पुत्र नरेश कुमार के रूप में की है। उन्होंने बताया कि वह रविवार की दोपहर 12 बजे के लगभग घर से खाना खाने के बाद कूडे के ढेरो में प्लास्टिक और लोहे की बोतले बीनने के लिए गया हुआ था। अचानक वह कूडा बीनते समय नाले में गिर गया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने 112 नंबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 और कोतवाली पुलिस ने नाले में युवक को तलाश के लिए जेसीबी को लगाया। काफी देर बाद युवक को नाले से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना को लेकर मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया नाले से निकाले गए शव की शिनाख्त हो चुकी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पैर फिसलने से युवक की नाले में गिरकर मौत हुई है। परिजनों ने बताया कि वह कूडे में से प्लास्टिक और लोहे की बोतले बीनने का काम करता था।

## कासगंजः पुलवामा हमले में शहीद जवान विनय की प्रतिमा सांसद ने किया अनावरण

सिढ़पुरा विकास खण्ड क्षेत्र के गांव कमालपुर में शहीद विनय कुमार यादव की प्रतिमा का सासंद देवेश शाक्य ने अनावरण किया। विनय कुमार पुलवामा के आतंकी हमले में शहीद हुए थे। उनकी यह प्रतिमा लोगों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करती रहेगी। सांसद देवेश शाक्य ने कहा कि देश केशहीदों को कभी भुलाया नहीं का सकता है। उनका बलिदान हमेशा ही याद रखा जाएगा। विनय कुमार पुलवामा हमले में शहीद हुए। उनकी प्रतिमा स्थापित किया जाना सराहनीय कार्य है। उनकी यह प्रतिमा हमेशा ही युवाओं और लोगों को देश प्रेम की प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि देश के सैनिकों ने हमेशा ही सर्वोच्च बलिदान देकर भी देश की रक्षा की है। उनका ऋण कभी भी चुकाया नहीं जा सकता। उनकी प्रतिमा का अनावरण कर सांसद देवेश शाक्य सहित अन्य लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान, समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, परवेज जुबैरी, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र, अंशुमान यादव, एडीजी, राहुल यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एटा के विकासखंड अलीगंज में छुट्टा गौवंश ने किसानों की मुसीबत बढ़ा दी



एटा के विकासखंड अलीगंज में छुट्टा गौवंश ने किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। बिल्सड़ पुवायां में सैकड़ों बीघा फसल छुट्टा गौवंश से बर्बाद हो रही है। इससे गांवों के बीच रोजाना विवाद की स्थिति बन रही है।किसानों का कहना है कि वे दिन–रात मेहनत और बड़ी लागत लगाकर फसल उगाते हैं। लेकिन छुट्टा गौवंश फसलों को नष्ट कर देते हैं। जब गौवंश को एक खेत से भगाया जाता है, तो वे दूसरे खेत में चले जाते हैं। इससे गढ़िया जगन्नाथ, वीरपुर, बिल्सड़ और लालपुर के लोगों के बीच विवाद होता है।किसान नेम सिंह ने बताया कि दिन–रात गौवंश की रखवाली में ही समय बीत जाता है। कोई अन्य काम नहीं कर पाते। बिल्सड़ पुवायां के किसान बृजेश कुमार के अनुसार गांव वाले इतने परेशान हैं कि कहीं जा नहीं पाते। पूरा दिन खेतों की रखवाली में निकल जाता है।कुछ लोग गायों का दूध निकालकर उन्हें छोड़ देते हैं, जिससे सभी को परेशानी होती है। किसानों ने सरकार से गौवंश को गौशाला में रखने की मांग की है। मुख्य विकास अधिकारी नागेंद्र नारायण मिश्रा ने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी को छुट्टा गौवंश की टैगिंग के लिए निर्देश दिए जा रहे हैं। गौशाला में पहुंचाया जाए।वहीं जो गौवंश किसानों के पास है उनकी भी टै. गिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए जिससे गौ वंश कौन छोड़ रहा है इसका पता चल सके किसानों के लिए सहभागिता योजना संचालित है जिसके तहत गौवंश पालन का लाभ किसानों को लेना चाहिए।

## बरेली का शातिर कासगंज में गिरफ्तार, दिन में ई–रिक्शा चलाकर रात में करता था चोरी, चोर पर 21 मामले हैं दर्ज



कासगंज रू सदर कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बरेली के एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। वह दिन में ई–रिक्शा चलाकर बंद घरों की रेकी करता था और रात में नकब लगाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने चोर के कब्जे से तीन घरों में हुई चोरी का खुलासा किया है। उसके कब्जे से चोरी हुए जेवरात और दस लाख रुपए कीमत का सामान बरामद किया गया है। फिलहाल, पुलिस ने चोर को प्रेस वार्ता के बाद जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चोर के खिलाफ बरेली, बदायूं और हाथरस जिलों में 21 मामले दर्ज हैं।सदर कोतवाली में प्रेस वार्ता के दौरान एएसपी राजेश भारती ने बताया कि पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने विकास पुत्र बाबूराम निवासी सुभाष नगर गली नंबर३ को गिरफ्तार किया है। युवक बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है। वह दिन में ई–रिक्शा चलाकर बंद मकानों की रेकी करता था और रात में मकानों में नकब लगाकर या ताले तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। फरवरी माह में ही चोर ने तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चुरा ली थी।इन घरों में की थी चोरी 7 फरवरी 2024 को केए कॉलेज के समीप अधिवक्ता विनोद यादव के घर में चोरी की। 14 फरवरी 2024 को गिर्राज पैलेस वाली गली में सुमित पाठक के घर और उसी दिन उदयपुर कॉलोनी बांकनेर में सूरजपाल के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।संयुक्त पुलिस टीम ने आरोपी को रेलवे रोड से बाइक सहित गिरफ्तार किया है।चोरी का सामान बरामदपुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी के जेवरात, एक सिलाई मशीन, सब्बल सहित कुल दस लाख रुपए का सामान बरामद किया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूलते हुए बताया कि वह दिन में ई–रिक्शा चलाकर बंद मकानों की तलाश करता था और रात में करीब 2 बजे के बाद अकेले ही चोरी की वारदात को अंजाम देता था।चोर के खिलाफ बरेली, बदायूं और हाथरस में 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं। एएसपी ने बताया कि शातिर चोर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## एटा के राजा का रामपुर कस्बे में एक चोरी की वारदात सामने आई

एटा के राजा का रामपुर कस्बे में एक चोरी की वारदात सामने आई है। स्थानीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने शनिवार की देर रात दीवार फांदकर घूस गए। चोरों ने विद्यालय के 8 कमरों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।वहीं स्कूल की रसोई से चोर चार कट्टा खाद्यान्न (चावल और गेहूं) और एक गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गए। विद्यालय के पीछे खेत में कुछ चावल और गेहूं बिखरा हुआ मिला।प्रधानाध्यापक शशिकांत को सुबह चोरी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि स्कूल के ताले टूटे पड़े थे। विद्यालय का मुख्य द्वार बंद था, इसलिए चोरों ने दीवार कूदकर अंदर प्रवेश किया।थाना प्रभारी किशोरी लाल मीणा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में एक गंभीर सड़क हादसा हुआ है। हरिसिंह पुर गांव के पास दो बाइक आपस में टकरा गईं। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में 16 वर्षीय शिवा (निवासी नगला वामन), 18 वर्षीय कुणाल गुप्ता निवासी देवीगंज लखीमपुर और 30 वर्षीय गोविंद सक्सेना निवासी अलीपुर खेड़ा मैनपुरी शामिल हैं।घटना उस समय हुई जब अपाचे बाइक पर सवार तीन युवक नगला वामन से मैनपुरी चौथी चलाने जा रहे थे। हरिसिंह पुर मोड के पास सामने से आ रही बुलेट मोटरसाइकल से उनकी बाइक टकरा गई।स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और घायलों को अलीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हालत स्थिर होने पर उन्हें घर भेज दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499